लोक सभा अध्यक्ष ने जैन समाज की साध्वियो, निधि और कृपा श्री महाराज जी को भगवान महावीर के सन्देश का सन्देश लोगों तक ब्रेल लिपि में पहुंचाने के लिए बधाई दी

नई दिल्ली, 9 नवम्बर, 2014 : संसदीय ज्ञानपीठ के जी एम सी बालयोगी सभागार में श्री श्वेताम्बर स्थानक वासी जैन सभा द्वारा आयोजित समारोह में, लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने सुविख्यात जैन साध्वियों, निधि और कृपा श्री महाराज जी को भगवान महावीर का सन्देश देश-विदेश में दृष्टि बाधित व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए ब्रेल लिपि में "जीना आये तो जिंदगी" और "कर्म जिज्ञासा" पुस्तकों का प्रकाशन करने की नवीन पहल के लिए बधाई दी ।

अपूर्व लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए, श्रीमती महाजन ने कहा कि हमें जैन साधुओं और साध्वियों के जीवन से सीख लेते हुए शांति और मोक्ष की प्राप्ति के लिए आत्मावलोकन करना चाहिए ।